हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 जुलाई 2026

11 एक्सईएन ने किया औचक निरीक्षण, जेई को 10 दिन...



12 मानी गई मांगें पूरी न होने पर गुस्साए दमकल कर्मचारी...



## खबर संक्षेप

### बरवाला में 98.52 ग्राम हेरोइन समेत एक काबू

**हिसार।** सीआईए बरवाला ने 98 ग्राम 52 मिलीग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। सीआईए बरवाला प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बरवाला के वार्ड 14 निवासी मोनू को उस समय पकड़ा, जब वह हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ा था। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की जेब से 98 ग्राम 52 मिलीग्राम हेरोइन, एक मोबाइल फोन व 100 रुपये नकद बरामद हुए। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### पीजी में चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने जवाहर नगर स्थित एक पीजी में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी एवं मोबाइल चार्जर भी बरामद कर लिए हैं। सहायक उप निरीक्षक अनूप ने बताया कि इस संबंध में गत 30 जून को नलोई निवासी रविंद्र ने शिकायत दी कि जवाहर नगर, गली नंबर-2 में उसकी बालाजी पीजी के नाम से पीजी चलाता है। किसी ने पीजी में प्रवेश कर 18 हजार रुपये नकद एवं एक मोबाइल चार्जर चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए पुलिस ने आरोपी लाडवा निवासी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए 18 हजार रुपये एवं मोबाइल चार्जर बरामद कर लिए गए।

### नशे का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार, रिमांड पर

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में मुख्य सप्लायर यूपी के खुर्जा निवासी योगेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि आरोपी योगेंद्र कुमार का नाम थाना सिविल लाइन में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान सामने आया था। जांच में आरोपी की भूमिका नशे के मुख्य सप्लायर के रूप में पाई गई। इस पर उसे गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया। अन्य आरोपियों तथा नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए उसे रिमांड पर लिया गया है।

### मारपीट करने के मामले में पकड़ा गया आरोपी

**हिसार।** सदर पुलिस मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीरांवली निवासी मुखत्यार को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में गत 1 मई को सदर थाना में केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे व उसके परिजनों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज करके जांच करते हुए अरोपी मुखत्यार को गिरफ्तार कर लिया गया।

**जल आंदोलन:** धरना 47वें दिन भी जारी, समर्थन में उतरे घिराय-सिंघवा राघो के ग्रामीणों ने दी चेतावनी

# चानौत को 6 इंची टी-कनेक्शन न मिला तो गांव में नहीं दबने देंगे लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड स्थित चानौत गांव में पेयजल की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को 47वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीण बड़ी संख्या में धरना स्थल पर डटे हुए हैं और 36 इंच की पाइपलाइन से 6 इंच का टी-कनेक्शन देकर गांव को पेयजल उपलब्ध कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं ग्रामीणों व आंदोलनकारियों का कहना है कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बीच धरने पर बैठे घिराय और सिंघवा राघो गांव के ग्रामीणों ने ऐलान किया कि यदि चानौत गांव को 6 इंच का टी-कनेक्शन नहीं दिया गया, तो वे अपनी जमीन से हांसी के लिए बिछाई जा रही 36 इंच की पाइपलाइन को नहीं दबने देंगे।



### धरना स्थल पर लगेगा वाई-फाई

धरना स्थल पर आंदोलन को और व्यवस्थित एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए वाई-फाई सुविधा भी लगाई जा रही है। इससे धरने से जुड़ी गतिविधियों और सूचनाओं का बेहतर संचालन किया जा सकेगा।

### चानौत धरने पर 5 को पहुंचेंगे अभय चौटाला

चानौत गांव में पेयजल की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में 5 जुलाई को इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला चानौत गांव पहुंचेंगे। धरना कमेटी के अनुसार अभय चौटाला के साथ इनेलो की समस्त कार्यकारिणी, पार्टी के मौजूदा एवं पूर्व विधायक भी मौजूद रहेंगे। वे आंदोलनरत ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी मांगों का समर्थन करेंगे तथा धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।

# भीषण गर्मी से जून के अंतिम 5 दिनों में 20 लाख यूनिट तक बढ़ी बिजली खपत

### अघोषित कटों से जनता बेहाल, रातों की नींद उड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कम बारिश के चलते हिसार सर्कल में बिजली की डिमांड पूरे उफान पर है। भीषण गर्मी व उमस की वजह से जून के अंतिम सप्ताह में बिजली की खपत में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। हिसार सर्कल से मिले आंकड़ों के मुताबिक, जून के आखिरी पांच दिनों में ही बिजली की दैनिक खपत में लगभग 20 लाख यूनिट का भारी उछाल आया है, जिससे पावर ग्रिड और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम पर दबाव बेहद बढ़ गया है। मात्र 5 दिनों के भीतर बिजली की दैनिक मांग 124.81 लाख यूनिट से छलांग लगाकर 143.94 लाख यूनिट पर पहुंच गई है। डिमांड बढ़ने के कारण बिजली शिकायतों में भी तेजी से वृद्धि हुई है। सिटी एरिया की महावीर कॉलोनी, बड़वाली ढाणी समेत कई रिहायशी इलाकों में मंगलवार की देर रात्रि कई घंटों तक बिजली गुल रही। इसके अलावा बुधवार को शहर की कई कॉलोनियों में अघोषित कटों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली की बढ़ती खपत के बीच अब निगम अधिकारी की उम्मीद मानसून के सक्रिय होने पर टकी है। अधिकारियों का मानना है कि जैसे ही मानूसन की झमाझम बारिश का दौर शुरू होगा। बिजली की खपत में भी कमी आएगी।



#### हिसार सर्कल बिजली खपत

| दिनांक | खपत |
|---|---|
| 26 जून | 124.81 |
| 27 जून | 123.06 |
| 28 जून | 128.01 |
| 29 जून | 132.13 |
| 30 जून | 143.94 |

नोटः प्रतिदिन बिजली आपूर्ति लाख यूनिट में

#### ओवरलोडिंग से लग रहे कट

बिजली की खपत में अचानक आई इस रिकॉर्ड तेजी के कारण शहर के कई इलाकों में ट्रांसफार्मर और लाइनें ओवरलोड हो रही हैं। इसके चलते शहर के विभिन्न रिहायशी और कमर्शियल इलाकों में बार-बार ट्रिपिंग और अघोषित कट लग रहे हैं। रात के समय बिजली गुल होने से लोगों की नींद हराम हो रही है और पेयजल आपूर्ति पर भी इसका असर पड़ रहा है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अत्यधिक लोड बढ़ने के कारण तकनीकी खामियां आ रही हैं, जिन्हें दूर करने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे पीक आवर्स के दौरान बिजली का संयम से इस्तेमाल करें ताकि सिस्टम पर ज्यादा लोड न पड़े।

#### अकेले हिसार सर्कल में 24 घंटे में 1357 शिकायतें, ज्यादातर शहर की

डिमांड बढ़ने के कारण बिजली से जुड़ी शिकायतों की बाढ़ आ गई है। मंगलवार को अकेले हिसार सर्कल में 1,357 बिजली संबंधी शिकायतें दर्ज की गईं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 994 शिकायतें केवल हिसार शहर से जुड़ी थीं, जो शहरी क्षेत्र में चरमराते सिस्टम को बयां करती हैं।

### हांसी में परेशान लोग सड़कों पर उतरे

**हांसी।** बिजली समस्या से परेशान मुल्तान कॉलोनी के लोगों ने मंगलवार रात को प्रदर्शन किया। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों पर समस्या की तरफ ध्यान न देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कभी कंडम तार तो कभी कंडम फ्यूज लगा दिया जाता है, जो थोड़ी देर में फिर से खराब हो जाता है। लोगों द्वारा काफी देर प्रदर्शन के बाद भी बिजली निगम के अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। लोगों ने बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि यहां का बिजली शिकायत केन्द्र सफेद हाथी बन चुका है। या तो यहां पर कर्मचारी नहीं होते, या फिर कोई होता है तो सुनवाई नहीं करते। इसी दौरान किसी ने विधायक विनोद भ्याणा को सूचना दी, जिस पर उन्होंने बिजली अधिकारियों से बातचीत करके समस्या दूर करवाने का आश्वासन दिया।

#### प्रदेश के उत्तरी इलाकों में मानसून ने दी दस्तक

**हिसार।** नमी वाली शांत हवाओं से उमस भरी पसीना छूटाने वाली गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा है। इसी बीच राहत की खबर यह है कि प्रदेश के उत्तरी इलाकों में मानूसन ने दस्तक दे दी है। वर्तमान परिदृश्य में सम्पूर्ण इलाके दक्षिणी पछुआ हवाओं के स्थान पर मानसूनी दक्षिणी पूरवाई मजबूत तरीके से आगे बढ़ रही है। आने वाले तीन चार दिनों में सम्पूर्ण हरियाणा पर मानसून छा जाएगा और मानसून की तारतम्यता देखने को मिलेगी।

#### पूरे माह आएंगे 7 पश्चिमी विक्षोभ

पहले पखवाड़े में चार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। पहला पश्चिमी विक्षोभ 2 जुलाई, दूसरा 6 जुलाई उसके बाद 8 जुलाई और 13 जुलाई को वहीं दूसरे पखवाड़े में भी तीन कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की सम्भावना बन रही है। हालांकि दूसरे पखवाड़े में बीच-बीच में मानसून टर्फ हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर आती रहेंगी, जिससे हरियाणा में मानसून बारिश और फुहारें पड़ती रहेंगी।

#### जुलाई महीने का मौसम पूर्वानुमान

जुलाई महीने में भी मौसम में बड़े उलटफेर देखने को मिलेगा। जुलाई महीने के पहले पखवाड़े में मानसून गतिविधियों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी जबकि दूसरे पखवाड़े में अलनीनो की परिस्थितियों की वजह से बार-बार मानसून ब्रेक की स्थिति देखने को मिलेगी और मानसून कमजोर बना रहेगा हालांकि बीच-बीच में हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिलेगी। सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने रहेंगे। दूसरी तरफ हरियाणा में जुलाई महीने में मानसून सामान्य और सामान्य के आसपास बना रहेगा। हरियाणा के दक्षिणी हिस्सों में मानसून सामान्य से अधिक जबकि उत्तरी जिलों में सामान्य से नीचे बना रहेगा। जुलाई महीने में उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर 6-7 पश्चिमी विक्षोभ भी होंगे। पहले पखवाड़े में मानसून हवाओं और पश्चिमी मौसम प्रणाली का असर साफ तौर पर देखने को मिलेगा और पश्चिमी विक्षोभ मानसून को सशक्त बनाने की अहम भूमिका निभाएंगे। साथ ही साथ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी पर भी हलचलें भी बढ़ेगी। इनका असर राजस्थान तक पहुंचने की सम्भावना बन रही है।

#### मानसून ने लगाई लंबी छलांग : डॉ. चंद्रमोहन

पिछले कुछ दिनों से मानसून कमजोर और सुस्त बना हुआ था, परन्तु मंगलवार को मानसून ने लम्बी छलांग लगा मैदानी राज्यों के साथ पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंच गया। बुधवार को हरियाणा में मानसून आ चुका है। आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में मानसून की बौछारें देखने को मिलेंगी। गुरुवार को बंगाल की खाड़ी पर एक लो प्रेशर एरिया बनने और उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से दोनों मौसम प्रणालियों के मिलन से मानसून को मजबूती मिलेगी। इससे सम्पूर्ण पर्वतीय इलाकों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में तेज़ गति की हवाओं के साथ झमाझम बारिश की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है। -डॉ. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

### सूरज हत्याकांड
## हत्यारोपियों को पनाह देने का एक और आरोपी धरा

**हांसी।** एनएच-10 स्थित जॉकी शोरूम के मैनेजर सूरज की हत्या के बाद फरार आरोपियों को पनाह देने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बहबलपुर निवासी अभिषेक के रूप में हुई है। इसी के साथ हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 8 हो गई है। सीआईए-1 में तैनात उप निरीक्षक कपिल कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया कि हत्यारोपी गौरव उर्फ गोचू और रवि उर्फ गोलू को अभिषेक ने पनाह और सहयोग दिया था। तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में कई अहम तथ्य सामने आए हैं।

#### 5 आरोपी सलाखों के पीछे

उप निरीक्षक कपिल कुमार ने बताया कि इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी साहिल बामल, साहिल श्योराण, विकास मलिक, गौरव उर्फ गोचु तथा रवि उर्फ गोलु को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा आरोपियों की मदद करने वाले मोहित और साहिल भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर कड़ी को जोड़ते हुए गहन जांच की जा रही है। ताकि वारदात से जुड़े किसी भी व्यक्ति को कानून के शिकंजे से बचने का मौका न मिले। एनएच-10 पर स्थित जांकी शोरूम के मैनेजर सूरज की कुछ समय पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद से ही हांसी पुलिस लगातार आरोपियों की धरपकड़ में जुटी थी।

## घिराय के पास स्कूटी को टक्कर मारकर भागा ट्रक चालक काबू

**हांसी।** पुलिस ने हिट एंड रन के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है।

जांच अधिकारी एएसआई बनी सिंह ने बताया कि 23 जून को तेल मिल बस अड्डा घिराय के पास सड़क दुर्घटना हुई थी। शिकायतकर्ता प्रवीन कुमार निवासी सिंघवा राघो ने बयान दिया कि उसका भाई भूपेंद्र सिंह ई-स्कूटी पर जा रहा था। तभी एक ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में भूपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल हांसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के बयान के आधार पर थाना सदर हांसी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, घटनास्थल से जुटाए गए तथ्यों तथा अन्य उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर दुर्घटना में शामिल ट्रक और उसके चालक की पहचान की। जांच के बाद पुलिस टीम ने आरोपी रोहतक जिले के गांव मोखरा निवासी वेद सिंह को रोहतक में गिरफ्तार कर दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रक को भी कब्जे में लेकर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एचटेट अभ्यर्थियों को केंद्रों तक पहुंचाने की होगी पुख्ता व्यवस्था

- हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर डीसी ने अधिकारियों की बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 4 व 5 जुलाई 2026 को आयोजित करवाई जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने बुधवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने परिवहन विभाग को बस अड्डे से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने की हिदायत दी। इसके अलावा परीक्षार्थियों के लिए कठिनाई के समय डायल 112 सेवा भी उपलब्ध रहेगी जो उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुचाने में मदद करेगी।

इससे पूर्व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हिदायत दी कि परीक्षा को पारदर्शी व नकल रहित संपन्न करवाने और परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाए। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त सी जयाश्रद्धा, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम हिसार ज्योति मित्तल, एसडीएम बरवाला अश्वीर नैन, नगराधीश रोहित कुमार समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



#### धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश समेत निर्देश जारी

जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त महेंद्र पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी)-2025 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों के आसपास आवश्यक प्रतिबंध लागू किए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला हिसार में 4 जुलाई 2026 (शनिवार) तथा 5 जुलाई 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के परिसर एवं उनके 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के हथियार लेकर आने, व्यक्तियों के अनावश्यक रूप से एकत्रित होने तथा शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

- अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा से परीक्षा संपन्न करवाएं।
- परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें।
- डीईओ कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित करें।
- सभी परीक्षा केंद्रों से जैमर, बायोमेट्रिक डेटा कैप्चरिंग, वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कैमरों की रिपोर्ट दी जाए।
- परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के बैठने की उचित व्यवस्था की जाए।
- नगराधीश ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र जारी करें।

**अमृत सरोवरों से गांवों में दूर होगा पेयजल संकट**

# हिसार में 4 और हांसी में 7 अमृत सरोवरों का लोकार्पण

### हिसार में कैबिनेट मंत्री गंगवा और हांसी में राज्यसभा सांसद बराला ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार/हांसी

हरियाणा में जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए बुधवार को प्रदेशभर में 325 अमृत सरोवरों तथा सात स्वास्थ्य परियोजनाओं का एक साथ लोकार्पण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ विभिन्न जिलों में आयोजित समारोहों में जनप्रतिनिधियों ने इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया और इसे जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

#### हिसार में सरोवरों पर खर्च हुए 2.10 करोड़

हिसार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि अमृत सरोवर योजना केवल तालाबों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार, जैव विविधता के संवर्धन और ग्रामीण विकास का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि इन सरोवरों से पेयजल संकट कम होगा, किसानों को सिंचाई और पशुओं को पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। हिसार जिले में लगभग 2.10 करोड़ रुपये की लागत से बाडो रागड़ान, हरिकोट, भेरियां और जाखोद खेड़ा के चार अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया गया।





हिसार के लघु सचिवालय में अमृत सरोवर का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं विधायक सावित्री जिंदल व हांसी में अमृत सरोवरों का लोकार्पण करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, उनके साथ हैं डीसी राहुल नरवाल व अन्य।

#### हांसी में 7 सरोवरों पर 8.66 करोड़ से हुआ जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण

हांसी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सात अमृत सरोवरों का लोकार्पण करते हुए बताया कि जिले के 75 तालाबों को चरणबद्ध तरीके से अमृत सरोवर योजना में शामिल कर विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न तालाबों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यकरण, फेंसिंग, बैठने की व्यवस्था और पौधारोपण सहित करीब 8.66 करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे किए गए हैं। इनमें बीड़ के मुख्य तालाब पर 78.54 लाख, बास आजम शाहपुर में 2 .96 करोड़, भकलाना की जोहड़ी पर 26.16 लाख, माजरा गांव के गुलौली व मकलाना तालाब पर 82 लाख रुपये, पेटवाड़ के डिग्गी वाले तालाब पर करीब 80 लाख रुपये और राखी खास गांव के आजिसर तालाब पर 3 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, भूजल स्तर सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी।

#### सीएम के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

दोनों कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें प्रदेश को धूम्रपान मुक्त बनाने का संदेश देने के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। हिसार में विधायक सावित्री जिंदल, महापौर प्रवीण पोपली, उपायुक्त महेंद्र पाल, एडीसी शालिनी चेतल, एसीयूटी विवेक यादव, भूपेंद्र पनिहार, पूर्व चेयरमैन सतवीर वर्मा, ब्लॉक समिति चेयरमैन अजय गावड़, जिला परिषद डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल, ललित शर्मा व हांसी में इस अवसर पर उपायुक्त राहुल नरवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गली निर्माण से पहले नगर निगम ने हटाए चबूतरे और अवैध निर्माण



**हिसार।** नगर निगम ने मॉडल टाउन एक्सटेंशन के ब्लॉक-ए और ब्लॉक-बी में दो गलियों के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी है। निर्माण कार्य को सुचारू रूप से कराने के लिए बुधवार को निगम की टीम ने जेसीबी की सहायता से दोनों गलियों में बने चबूतरों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाया। नगर निगम के जेई संदीप काजल ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई। उन्होंने कहा कि गली निर्माण में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए पहले अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाए गए हैं। अब दोनों गलियों का निर्माण कार्य निर्धारित योजना के अनुसार कराया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें तथा विकास कार्यों में नगर निगम का सहयोग करें, ताकि निर्माण कार्य समय पर और बिना किसी रुकावट के पूरा हो सके।

उमस भरी गर्मी में हैवी वर्कआउट करने से डिहाइड्रेशन की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए आपको वर्कआउट करने से पहले लिक्विड डाइट जरूर लेना चाहिए। इससे आपकी बॉडी में हाइड्रेशन लेवल मेंटेन रहेगा।

## प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स बॉडी रहेगी हाइड्रेटेड

सजेशन

ललिता गोयल



शरीर को फिट रहने के लिए कुछ लोग जिम में हैवी वर्कआउट जरूर करते हैं, लेकिन इस दौरान अगर वे खाली पेट रहते हैं, शरीर के लिए सही नहीं होता है। इसके कारण वे कमजोरी महसूस कर सकते हैं और उनका ब्लड प्रेशर भी लो हो सकता है। हाइड्रेशन लेवल कम होने पर वे बेहोश भी हो सकते हैं। इससे बचने के लिए जिम में वर्कआउट करने से पहले कुछ नेचुरल प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स पीना फायदेमंद होता है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी लेवल बढ़ाने में मदद करते हैं। लेकिन अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या रहती है तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इनका सेवन करें।

**नीबू पानी:** नीबू पानी में विटामिन-सी मौजूद होता है, जो बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट लेवल बढ़ाने में मदद करता है। नीबू पानी में थोड़ा-सा शहद और चुटकी भर नमक



मिला लेने से यह एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक बन जाता है, जो शरीर को डिटॉक्स और हाइड्रेट करता है और वर्कआउट के लिए जरूरी एनर्जी भी देता है।

**नारियल पानी:** बॉडी में एनर्जी लेवल नेचुरली बढ़ाने के लिए नारियल पानी सबसे अच्छा माना जाता है, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की उच्च मात्रा, सोडियम और मैग्नीशियम होता है, साथ ही इसमें मौजूद नेचुरल शुगर शरीर में एनर्जी के लेवल को मेंटेन रखती है। इलेक्ट्रोलाइट्स का यह नेचुरल सोर्स शरीर में हाइड्रेशन और एनर्जी को बनाए रखता है, जिससे वर्कआउट करने में आसानी होती है।

**गोंद कतीरा ड्रिंक:** इस मौसम में बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए गोंद कतीरा को भी प्री-वर्कआउट ड्रिंक के रूप में लिया जा सकता है। यह पानी ज्यादा सोखता है इसलिए इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेट रहती है, कूलिंग इफेक्ट मिलता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट से बॉडी में एनर्जी मेंटेन रहती है और इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन ठीक रखने में भी मदद करता है। पानी में चिया सीड्स, नीबू और गोंद कतीरा डालकर हेल्दी ड्रिंक बनाया जा सकता है।

**सत्तू शरबत:** प्रोटीन इनटेक बढ़ाने के लिए सत्तू का शरबत एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक ऑप्शन है। इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है और वर्कआउट के बाद कमजोरी महसूस नहीं होती है।

**बेल का शरबत:** उमस भरी गर्मी के लिए बेल का शरबत एक सुपरड्रिंक है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ डिहाइड्रेशन से बचाता है। बेल के शरबत में मौजूद नेचुरल शुगर तुरंत एनर्जी देती है और वर्कआउट से पहले इसे पीने से डाइजेशन भी सही रहता है।

**ग्रीन टी:** ग्रीन टी एक बेहद हेल्दी और लो कैलोरी प्री-वर्कआउट ड्रिंक है। ग्रीन टी, कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा



सोर्स होती है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी बढ़ाने और फोकस करने में मदद करती है।

**तरबूज का जूस:** तरबूज का जूस प्री-वर्कआउट के लिए एक टेस्टी और हेल्दी ऑप्शन है। तरबूज में 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है और इसका जूस पीने से शरीर तुरंत हाइड्रेट हो जाता है और इसमें मौजूद लाइकोपीन, विटामिन ए और सी शरीर को एनर्जी देते हैं। *

**(जिम इंस्ट्रक्टर राहुल चौहान से बातचीत पर आधारित)**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. लोकेश महाजन

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ

मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद

वैसे तो कोई भी दवा बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं लेनी चाहिए। लेकिन कफ सिरप को लेकर और सावधानी बरतने की जरूरत होती है। खासतौर पर बच्चों को कफ सिरप का सेवन डॉक्टर के निर्देशानुसार ही कराना चाहिए। कफ सिरप कब हार्मफुल हो सकता है, इसका सेवन करते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, यहां डिटेल में बताया जा रहा है।

## डॉक्टर की सलाह के बिना ना करें कफ सिरप का सेवन

हाल ही में भारत सरकार ने ड्रग्स रूल्स 1945 में संशोधन करते हुए ड्रग्स रूल्स 2026 लागू किया है। जिसके तहत देश भर में अब किसी भी मेडिकल स्टोर पर सिरप आधारित दवाओं (विशेषकर कफ सिरप) की ओवर-द-काउंटर ब्रिकी को निषेध किया गया है। यानी डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना कोई भी सिरप दवाई नहीं मिलेगी। केंद्र सरकार ने यह फैसला मूलतया नकली या कहें मिलावटी कफ सिरप पीने से होने वाली मौतों के आधार पर लिया है। लोगों की जान बचाने और दवाओं के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है।

### दूषित सिरप से बच्चों की मौतें

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अन्य देशों में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें कुछ कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और इथाइलीन ग्लाइकॉल जैसे जहरीले रसायन पाए गए। इनसे बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु तक की कुछ घटनाएं सामने आईं। ऐसे में हम सभी अगर जरूरी सावधानियां बरतें तो दवाओं से होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचे रह सकते हैं।

### गाइडलाइन का क्या है उद्देश्य

लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने सभी सिरपों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, केवल उनकी बिक्री को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से जोड़ दिया है ताकि उनका सुरक्षित उपयोग हो सके। सरकार की हाल में दी गई नई गाइडलाइन के पीछे पांच बड़े उद्देश्य बताए जा रहे हैं।

- दूषित सिरप से होने वाली मौतों की रोकथाम।
- बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो।
- सेल्फ-मेडिकेशन या मेडिकल स्टोर जाकर स्वयं दवा लेने की आदत कम करना।
- सिरप के दुरुपयोग को रोकना और नशे की समस्या पर नियंत्रण करना।
- दवाओं की गुणवत्ता तथा उसके सही वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखना।

### कफ सिरप तब होता है हार्मफुल

विशेषज्ञ मानते हैं कि शरीर की खांसी एक प्राकृतिक रक्षा प्रणाली भी है। इसलिए बार-बार कफ सिरप पीना, खुराक बढ़ा देना या कई कफ सिरप एक साथ लेना नुकसानदायक हो सकता है। सिरप अलग-अलग तरह के कंसंट्रेशन और डोज के साथ आते हैं। इन्हें लंबे समय तक, गलत तरीके से (जैसे-छोटे-बड़े सबको एक समान), ज्यादा मात्रा में या डॉक्टर की सलाह के बिना लिया जाए, तो कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। यहां तक कि व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। हाल के वर्षों में जिन सिरपों ने सबसे अधिक चिंता पैदा की, उनमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल, एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले घटक पाए गए हैं। जिनसे किडनी-लिवर फेलियर, ब्लड प्रेशर-हार्ट रेट बढ़ना, मस्तिष्क को नुकसान, दौरे पड़ना, मृत्यु तक हो सकती है। कुछ कफ सिरप में कोडीन नामक दवा होती है। यह खांसी को दबाने में मदद करती है, लेकिन अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। अत्यधिक नींद और सुस्ती आ सकती है। सांस



लेने की गति धीमी हो सकती है। व्यक्ति को इसकी लत लग सकती है।

डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन नामक रासायनिक घटक भी कई कफ सिरप में पाया जाता है। इसे अधिक मात्रा में लेने पर चक्कर आना, कंफ्यूजन होना, व्यवहार में बदलाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा क्लोरफेनिरामाइन, डाइफेनहाइड्रामाइन एंटीहिस्टामिन जैसी दवाएं एलर्जी और खांसी के उपचार में दी जाती हैं। इनसे अधिक नींद, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कंफ्यूजन जैसी स्थिति पैदा कर सकती हैं। स्वाद बढ़ाने के लिए कई सिरपों में काफी मात्रा में चीनी मिलाई जाती है। इससे मधुमेह रोगियों को परेशानी हो सकती है। बच्चों में दांतों की समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### किन्हें है ज्यादा खतरा

डॉक्टर की सलाह के बिना कफ सिरप लेने के दुष्प्रभावों का जोखिम मूलतया कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अधिक होता है जैसे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, अस्थमा रोगी, किडनी, लिवर या गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति। इसलिए ऐसे लोग पूरी सावधानी बरतें।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

कफ सिरप का सेवन करने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

- खांसी के कारण का पता लगाएं। किसी भी सिरप को सुरक्षित या सामान्य मानकर बार-बार न लें। खांसी शरीर का एक संकेत है, बीमारी नहीं। इसलिए केवल खांसी दबाने के बजाय उसके कारण का पता लगाकर उपचार कराना अधिक महत्वपूर्ण है।
- यदि आप पहले से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, किडनी, लिवर या हृदय रोग की दवाएं ले रहे हैं, तो डॉक्टर को इसकी जानकारी दें। कुछ सिरप अन्य दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई कफ सिरप न लें। खांसी-जुकाम या गले की खराश होने पर हर बार सिरप लेना जरूरी नहीं होता। खांसी कई बार एलर्जी, अस्थमा, टीबी, निमोनिया, एसिडिटी या किसी अन्य बीमारी का लक्षण भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच कराए बार-बार स्वयं दवा लेने से बचें।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी सिरप नहीं लेना चाहिए।
- बुजुर्गों में किडनी और लिवर की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसलिए दवा का प्रभाव अधिक हो सकता है। उन्हें डॉक्टर द्वारा निर्धारित की गई मात्रा में ही किसी भी तरह के सिरप का सेवन करना चाहिए।
- सिरप ही नहीं कोई भी दवा खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट, बैच नंबर और निर्माता कंपनी की जानकारी अवश्य जांचें। एक्सपायर सिरप का उपयोग न करें। बोतल की सील टूटी हुई न हो और पैकिंग सही अवस्था में हो। यदि सिरप का रंग, गंध या स्वाद असामान्य लगे। तो उसका उपयोग न करें।
- निर्धारित मात्रा से अधिक किसी दवा का सेवन कभी न करें। कुछ लोग यह सोचकर अधिक मात्रा में सिरप पी लेते हैं कि जल्दी आराम मिलेगा। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है और दुष्प्रभावों का जोखिम बढ़ा सकता है।
- बच्चों को विशेष सावधानी से दवा दें। बच्चों के लिए दवा की मात्रा उम्र और वजन के अनुसार तय होती है। कभी भी बड़े लोगों वाली दवा बच्चों को न दें और न ही अनुमान से खुराक तय करें।



- कोई भी सिरप पिलाने के लिए मापने वाले सही चम्मच या कप का ही उपयोग करें। कई लोग घर के सामान्य चम्मच से सिरप पी लेते हैं। इससे दवा की मात्रा कम या अधिक हो सकती है। हमेशा दवा के साथ मिलने वाले मापने वाले कप, ड्रॉपर या माप वाले चम्मच का ही उपयोग करें।
- किसी दूसरे व्यक्ति के लिए लिखी गई दवा स्वयं न लें और इसी तरह अपनी दवा किसी अन्य को रोगी को न दें। एक जैसी खांसी होने पर भी कारण अलग-अलग हो सकते हैं।
- यदि सिरप लेने के बाद अत्यधिक नींद, चक्कर, सांस लेने में कठिनाई, त्वचा पर चकत्ते, सूजन या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**



### खतरनाक है सेल्फ मेडिकेशन

कई लोग खांसी-जुकाम या बुखार होने पर बिना डॉक्टर से सलाह लिए सीधे मेडिकल स्टोर से सिरप खरीद लेते हैं। कई बार बीमारी का सही कारण जाने बिना दवा लेने से समस्या बढ़ सकती है। वास्तव में सेल्फ मेडिकेशन बहुत खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे बचा जाना जरूरी है। कुछ सिरप में ऐसे घटक होते हैं, जो अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं। इसलिए इनके दुरुपयोग और लत की आशंका भी रहती है।

हेल्थ अवेयरनेस

शिखर चंद जैन

हमारे शरीर की कोशिकाओं में उपस्थित जीन में हमारे वर्तमान और भावी स्वास्थ्य की पिक्चर कोड के रूप में मौजूद रहती है। आने वाले समय में जीन मैपिंग और एडिटिंग के जरिए अनेक बीमारियों का पूर्वानुमान लगाकर उसको पनपने से भी रोका जा सकेगा।

## जीन तय करते हैं कैसा होगा स्वास्थ्य



एआई इमेज

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने आज उस रहस्यमयी चाबी को खोज लिया है, जो हमारे स्वास्थ्य और आयु के छिपे रहस्यों के राज खोल सकती है। ये चाबी और कुछ नहीं हमारे 'जीन' हैं। हमारी जीन कुंडली में हमारे जीवन का इतिहास, वर्तमान और भविष्य लिखा है। विज्ञान की भाषा में इसे 'जेनेटिक ब्लूप्रिंट' कहा जाता है, जो न केवल हमारी शारीरिक बनावट तय करता है, बल्कि यह भी निर्धारित करता है कि हम कितने साल जिएंगे और किन बीमारियों के प्रति संवेदनशील होंगे।

**क्या है जेनेटिक कुंडली:** चिकित्सा विज्ञान में जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए व्यक्ति की सेहत की सटीक 'कुंडली' तैयार की जा सकती है। हमारे शरीर में बड़ी संख्या में जीन होते हैं। ये जीन डीएनए के बने होते हैं, जो प्रोटीन बनाने के निर्देश देते हैं। ये प्रोटीन ही तय करते हैं कि हमारी मांसपेशियां कितनी मजबूत होंगी, हमारा मेटाबॉलिज्म कैसा होगा और हमारा इम्यून सिस्टम कितना प्रभावी होगा।

**जीन से आयु का निर्धारण:** वैज्ञानिकों का मानना है कि मनुष्य की औसत आयु का लगभग 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा उसके आनुवंशिक गुणों पर निर्भर करता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग 100 वर्ष से अधिक जीवित रहते हैं, उनमें अक्सर 'फॉक्सो-3' नामक जीन का एक विशेष प्रकार पाया जाता है। इसे 'दीर्घायु जीन' भी कहा जाता है। यह जीन कोशिकाओं की मरम्मत करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही हमारे क्रोमोसोम के सिरों पर 'टेलोमेयर्स' नामक सुरक्षा कवच होते हैं। टेलोमेयर्स का सीधा संबंध इस बात से है कि आपका शरीर कितनी तेजी से 'बूढ़ा' हो रहा है। इसकी प्रक्रिया कुछ इस तरह काम करती है, हमारा शरीर लगातार पुरानी कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाएं बनाता रहता है। जब भी एक कोशिका दो भागों में बंटती है, तो उसके टेलोमेयर्स थोड़े छोटे हो जाते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, टेलोमेयर्स इतने छोटे हो जाते हैं कि कोशिकाएं अब और विभाजित नहीं हो पातीं। यहीं से बुढ़ापा शुरू होता है। अंग कमजोर होने लगते हैं और इम्यून सिस्टम थक जाता है। जिनके टेलोमेयर्स धीरे-धीरे छोटे होते हैं या लंबे समय तक सुरक्षित रहते हैं, वे लोग आमतौर पर ज्यादा समय तक जवान और स्वस्थ रहते हैं।

**मिलते हैं बीमारियों के पूर्व संकेत:** जेनेटिक मैपिंग का सबसे बड़ा लाभ बीमारियों के जोखिम को पहले से पता लगाना होता है।



**क्योर से प्रिवेंशन तक:** आने वाले 10-20 वर्षों में, स्वास्थ्य देखभाल का केंद्र अस्पताल नहीं, बल्कि हमारा अपना डेटा होगा। जीन एडिटिंग तकनीक के जरिए भविष्य में दोषपूर्ण जीन को गर्भ में ही ठीक करना संभव हो सकता है। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं, जहां बीमारी होने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे होने से पहले ही रोक दिया जाएगा।

**कैंसर की पहचान:** 'बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2' जैसे जीन में म्यूटेशन स्तन और डिंबग्रंथि के कैंसर के उच्च जोखिम का संकेत देते हैं।

**हृदय रोग और मधुमेह:** यदि किसी के जीन में कोलेस्ट्रॉल प्रबंधन की क्षमता कम है, तो उसे कम उम्र में ही दिल के दौरे का खतरा हो सकता है, भले ही वह बाहर से फिट दिखे।

**अल्जाइमर और पार्किंसंस:** मस्तिष्क से जुड़ी इन जटिल बीमारियों के संकेतों को भी जेनेटिक टेस्टिंग के जरिए दशकों पहले पहचाना जा सकता है।

**पर्सनलाइज्ड मेडिसिन:** मौजूदा दौर में चिकित्सा पद्धति 'ट्रायल और एरर' पर आधारित है, यानी एक ही दवा सबको दी जाती है लेकिन फार्माकोजेनोमिक्स ने इसे बदल दिया है। जीन यह तय करते हैं कि आपका शरीर किसी दवा को कैसे प्रोसेस करेगा। कुछ लोगों पर एक विशेष दवा बहुत अच्छा असर करती है, जबकि दूसरों पर उसका कोई प्रभाव नहीं होता या साइड इफेक्ट हो जाते हैं। जेनेटिक प्रोफाइलिंग से डॉक्टर अब यह जान सकते हैं कि आपके लिए कौन-सी दवा और कितनी डोज सही रहेगी।

**एपिजेनेटिक्स:** सटीक सुझाव का वैज्ञानिक आधार एपिजेनेटिक्स वह विज्ञान है जो बताता है कि हमारे पर्यावरण और आदतों के कारण जीन कैसे 'ऑन' या 'ऑफ' होते हैं। मान लीजिए आपके जीन में टाइप-2 मधुमेह का जोखिम लिखा है। लेकिन यदि आप सही खान-पान और नियमित व्यायाम अपनाते हैं, तो आप उस 'खराब जीन' को सुप्त रख सकते हैं। अत्यधिक तनाव और खराब पर्यावरण हमारे अच्छे जीन को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**कैसे होता है जेनेटिक टेस्ट:** जेनेटिक टेस्ट चार चरणों में पूरा होता है। पहले लार या खून का एक छोटा नमूना लिया जाता है। फिर लैब में कोशिकाओं से डीएनए को अलग किया जाता है। इसके बाद मशीनों के जरिए डीएनए के कोड्स को पढ़ा जाता है। अंत में विशेषज्ञ आपके डेटा की तुलना 'नॉर्मल डेटा' से करते हैं और बताते हैं कि आपके जीन में कहां गड़बड़ी या जोखिम है। जेनेटिक रिपोर्ट को कभी भी अंतिम फैसला न मानें। यह केवल 'जोखिम' बताती है। रिपोर्ट आने के बाद हमेशा एक योग्य जेनेटिक काउंसलर या डॉक्टर से सलाह लें। *



### तब देर से आएगा बुढ़ापा

**टेलोमेयर्स जब** देर से यानी धीमी गति से कमजोर-छोटे होते हैं तो बुढ़ापा भी देर से आता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, कुछ आदतें टेलोमेयर्स को तेजी से घिसने (छोटा होने) पर मजबूर करती हैं, जबकि कुछ आदतें उन्हें सुरक्षित रखती हैं। अत्यधिक मानसिक तनाव, सिगरेट और शराब का सेवन, बहुत ज्यादा चीनी और जंक फूड का सेवन, प्रदूषणयुक्त माहौल में रहने और सुस्त जीवनशैली से बचें। अनुशासित जीवनशैली अपनाएं और पौष्टिक भोजन करें।

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

वैसे तो विभिन्न योगासनों को डेली करने से अनेक फायदे मिलते हैं। लेकिन अगर आपके पास अधिक समय नहीं है तो लोंगेविटी और रिकवरी योगा से भी आप निरोगी तन-मन के साथ लंबा जीवन जी सकते हैं।

## निरोगी तन-लंबी उम्र का नया मंत्र लोंगेविटी और रिकवरी योगा



अनुलोम-विलोम



त्रिकोणासन

हालांकि आज के दौर में लोगों में अपनी हेल्थ को लेकर सजगता बढ़ी है लेकिन देखने में आता है कि जिम वर्कआउट और अच्छी डाइट लेने के बावजूद लोग बहुत जल्दी थक जाते हैं। नींद अच्छी नहीं आती है और छोटी उम्र में ही कई तरह की बीमारियों के चक्रव्यूह में फंस रहे हैं। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं कि लोंगेविटी और रिकवरी योगा के जरिए आप कैसे निरोगी तन-मन के साथ दीर्घायु पा सकते हैं?

**क्या है लोंगेविटी योगा:** लोंगेविटी का सीधा अर्थ लंबी उम्र से है। लेकिन यह लंबी उम्र केवल सालों की बढ़ती संख्या नहीं है बल्कि ऊर्जावान और रोगमुक्त जीवन ही लोंगेविटी है। इसलिए आजकल लोग स्वस्थ, ऊर्जावान और रोगमुक्त जीवन बिताने के लिए लोंगेविटी योगा पर फोकस कर रहे हैं। क्योंकि इसे करने से शरीर की हर प्रणाली-मांसपेशियां, हृदय, मस्तिष्क और हार्मोन लंबे समय तक संतुलित रहते हैं। लोंगेविटी योगा में कुछ अलग-अलग आसनों और प्राणायाम को शामिल किया जाता है। इससे शरीर का लचीलापन बढ़ता है, जोड़ों और हड्डियों को मजबूती मिलती है, ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनता है और हार्मोनल संतुलन को बनाए रखता है।



शवासन

**शामिल यौगिक क्रियाएं:** लोंगेविटी योगा में कुछ आसन और प्राणायाम शामिल होते हैं। जैसे-ताड़ासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन और अनुलोम-विलोम प्राणायाम का नियमित रूप से अभ्यास करना ही लोंगेविटी योगा कहलाता है। ये तीनों योगासन और अनुलोम-विलोम शरीर को न केवल स्वस्थ बल्कि पूरी तरह से सक्रिय रखते हैं। इस कारण जो भी व्यक्ति इन योगासनों को करता है, बढ़ती उम्र की जटिलताओं का आसानी से सामना कर लेता है।

**क्या है रिकवरी योगा:** रिकवरी योगा कोई अलग से योगासन नहीं होता बल्कि उन सभी योगासनों को रिकवरी योगा कहा जाता है, जिन्हें करने से शरीर और मन ठीक रहता है। शरीर में ऊर्जा होने का एहसास होता है और थकान से मुक्ति मिलती है। रिकवरी योगा विशेषकर उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है, जो मानसिक तनाव से ज्यादातर समय परेशान रहते हैं, किसी बड़ी बीमारी या शॉक के कारण उबर नहीं पा रहे हैं। रिकवरी योगा ऐसे धीमी गति वाले आसन हैं, जो गहरी सांस लेने और नियमित रूप से ध्यान करने से संबंधित होते हैं। रिकवरी योगा के लिए शशांकासन, विपरीतकर्णी आसन, शवासन और योग निद्रा जैसे अभ्यास शामिल हैं।

**मेंटल हेल्थ में कारगर:** एंजाइटी, डिप्रेशन आज बिल्कुल आम बीमारियां बन चुकी हैं। रिकवरी योगा खासकर मेडिटेशन और योग निद्रा इन समस्याओं से छुटकारा दिलाने में कारगर हैं। दरअसल ये योगा थकान और शरीर दर्द को कम करते हैं। लंबे समय तक काम करने की क्षमता को बढ़ाते हैं।

**इसलिए बढ़ रही पॉपुलैरिटी:** हाल के सालों में इनका चलन तेजी से बढ़ने की वजह है तेज रफ्तार जीवनशैली और उसके नतीजे में बढ़ता तनाव। आज की जीवनशैली खासतौर पर डिजिटल दुनिया, लोगों को लगातार व्यस्त रखकर न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी थका देता है। थकान की इस स्थिति को मैनेज करने के लिए और तनाव प्रबंधन के लिए यह कारगर है। पहले जो जीवनशैली संबंधी परेशानियां 45 या 50 की उम्र के बाद से परेशान करती थीं, आज ये परेशानियां कम उम्र में ही हमें दबोच ले रही हैं। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट प्रॉब्लम जैसी बीमारियां 30-40 साल की उम्र वालों में भी खूब फैल रही है। लोंगेविटी और रिकवरी योगा इन्हीं समस्याओं को दूर करने का महत्वपूर्ण हिस्सा है। *

## खबर संक्षेप

### उप निरीक्षक सुमेर कुमार को मिली पदोन्नति

**हांसी।** जिला पुलिस कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने उप निरीक्षक सुमेर कुमार को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एसपी विनोद कुमार ने कहा कि पदोन्नति किसी भी पुलिसकर्मी की मेहनत, लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान है। उन्होंने नव पदोन्नति इंस्पेक्टर सुमेर कुमार से अपेक्षा जताई कि वे भविष्य में भी पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी से रहें सावधान

**हांसी।** घर बैठे कमाई का लालच देकर हो रही साइबर ठगी पर हांसी पुलिस ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आमजन के लिए विशेष साइबर एडवाइजरी जारी करते हुए पार्ट टाइम जॉब, वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन टास्क के नाम पर बढ़ रही ठगी की वारदातों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध मैसेज, लिंक या कॉल आने पर तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर थाना हांसी से संपर्क करें। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि साइबर ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, टेलीग्राम जैसे ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को आकर्षक नौकरी और अतिरिक्त आय का झांसा देते हैं। ऐसे में कुछ लोग लालच में आकर उनका शिकार बन जाते हैं।

### ग्राम सचिव राजेंद्र सिंह हुए सेवानिवृत्त

**उकलाना।** पंचायती राज विभाग में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद ग्राम सचिव राजेंद्र सिंह सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर पंचायत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मानित कर विदाई दी। विदाई समारोह में एससीपीओ बलजीत सिंह ने कहा कि राजेंद्र सिंह ने अपने पूरे सेवाकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य किया। इस मौके पर लेखाकार राजेश कुमार, श्रीनिवास लांबा, सरपंच होशियार सिंह बांगड़वा, अनिल कुमार, पोटू राम, रविंद्र मलिक, मंगल राम, कुलदीप सिंह, अनूप धतरवाल आदि मौजूद थे।

### बिठमड़ा व सुरेवाला पहुंचा भाखड़ा नहर का पानी

**उकलाना।** क्षेत्र के गांव बिठमड़ा और सुरेवाला के ग्रामीणों का वर्षों पुराना इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया। करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पेयजल परियोजना के तहत दोनों गांवों में भाखड़ा नहर का स्वच्छ पेयजल पहुंचना शुरू हो गया। जलापूर्ति शुरू होने पर ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। भाखड़ा नहर पर बने बूस्टिंग स्टेशन का शुभारंभ बिठमड़ा के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप धतरवाल और सुरेवाला के सरपंच बानी पहलवान ने पूजा-अर्चना के बाद मोटर चालू कर किया। इस अवसर पर प्रसाद भी वितरित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप धतरवाल और सरपंच बानी पहलवान ने कहा कि इस परियोजना से वर्षों पुरानी पेयजल समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

### विवि कर्मचारी फेडरेशन का अधिवेशन कल से

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ऑल हरियाणा विश्वविद्यालय कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष चरणदास अटवाल ने की। इसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में 3 जुलाई से होने वाले अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी फेडरेशन के दो दिवसीय अधिवेशन को लेकर चर्चा की गई। अधिवेशन में फेडरेशन के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा व कार्यकारी अध्यक्ष भरत व्यास और कई प्रांतों के विश्वविद्यालय के प्रधान व महासचिव कार्यकारणी सदस्यों सहित शिरकत करेंगे।

## जलघर की मुख्य पाइप लाइन से पानी चोरी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

### ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

# एक्सईएन ने किया निरीक्षण जेई को मिला अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

दुनिया का ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में इन दोनों पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। वही पानी की मैन पाइप लाइन से पानी चोरी किया जा रहा। इसी को लेकर विभाग के अधिकारी निरीक्षण करने के लिए गांव में पहुंचे। मुख्य पाइपलाइन से पंचर करके पानी चोरी करने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। राखी गढ़ी जलघर में काम करने वाले कर्मचारियों का तबादला करने दूसरी जगह भेजा जाएगा।

कर्मचारियों के व्यवहार पर उठाए सवाल जलघर के दौरे के दौरान ग्रामीण मुकेश कुमार, अतिन्द्र, सुनील, बिजेंद्र नंबरदार, मास्टर राजेंद्र, राजकुमार और रणबीर सिंह आदि ने एक्सईएन संजीव त्यागी के सामने पेयजल संकट की समस्या को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि: जलघर में तैनात कर्मचारी ग्रामीणों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। पानी की मुख्य सप्लाई लाइन की कोई देखरेख नहीं की जा रही है और गलियों में जगह-जगह लीकेज है। जलघर के टैंकों की समय पर सफाई भी नहीं की जाती है। ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद अधिकारियों ने मौके पर ही खेद व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में आप लोगों को शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा। जिन भी लोगों ने मुख्य लाइन से पंचर करके पानी चोरी करने का काम किया है। इसके लिए जेई को आदेश दे दिए गए हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति पाइपलाइन से पानी चोरी न करें।



नारनौंद। गांव राखी गढ़ी के जलघर में विभाग के एक्सईएन संजीव त्यागी ग्रामीणों से बातचीत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### रोटेशन का पानी रास्ते में ही हो रहा चोरी

*भीषण गर्मी के इस मौसम में ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी के लोगों को हफ्ते में महज एक दिन ही पानी नसीब हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व वित मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से भाखड़ा का पानी सरसाना हेड के जरिए इस क्षेत्र के गांवों राखी शाहपुर, राखी खास, खेड़ी जालब, खेड़ी लोहचब, गैबीनगर और नाड़ा के लिए रोटेशन के आधार पर स्वीकृत है। नियम के मुताबिक, सप्ताह में दो दिन राखीशाहपुर, दो दिन राखीखास, दो दिन खेड़ी जालब व खेड़ी लोहचब और एक दिन गैबीनगर व नाड़ा के लिए पानी निर्धारित है लेकिन, खेड़ी के पास कुछ असामाजिक तत्व पाइपलाइन को तोड़कर पानी चोरी कर रहे हैं। वहीं, खेड़ी से राखीगढ़ी तक आने वाली मुख्य पाइपलाइन में दर्जनों अवैध कनेक्शन किए गए हैं, जिसके चलते जलघर तक पूरा पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है।*

### खामियां सुधारने को 10 दिन का समय

पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्सईएन संजीव त्यागी ने बताया कि मौके पर जलघर में भारी खामियां पाई गई हैं। टैंकों की तुरंत सफाई के आदेश दे दिए गए हैं। ग्रामीण से दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों को यहां से बदला जाएगा। सरसाना हेड से पानी की रोटेशन व्यवस्था को सुधारा जा रहा है ताकि गांव को पर्याप्त पानी मिल सके। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए 10 दिनों का समय दिया गया है। अगर तय समय में समस्याएं दूर नहीं हुईं, तो क्षेत्र के जेई के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



हिसार। राष्ट्रपति के नाम अधिकारी को ज्ञापन देते मंच के सदस्य।

## विकलांगों ने वीबी जीरामजी कानून की प्रतियां जलाईं

- ज्ञापन सौंप कर नए कानून को रद्द करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राष्ट्रीय विकलांग अधिकार मंच के आह्वान पर मनरेगा बचाओ वी.बी.-जीरामजी रद करो अभियान के तहत जिला के विकलांगों ने लघु सचिवालय पर अपने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से जिला प्रशासनिक अधिकारी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही वीबी जीरामजी कानून की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज करवाया।

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान कृष्ण गुरी ने की और संचालन जिला सचिव संदीप कुमार ने किया। जिला प्रधान कृष्ण गुरी ने बताया कि वीबी जीरामजी मजदूर विरोधी कानून है, जोकि मनरेगा एक्ट 2005 काम की कानूनी गारंटी देता है, जबकि वी.बी. जीरामजी में सरकार ने काम की गारंटी को खत्म कर दिया है जिसका मजदूर और विकलांगों पर प्रभाव पड़ेगा राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2015 में ही मनरेगा को विफलताओं का स्मारक कहा था।

बजट घटाना, मजदूरी रोकना और मशीनों से काम कराना इसी साजिश का हिस्सा है। अब राम के नाम पर मजदूरों के अधिकारों पर डाका डाला है। इसलिए राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि वी.बी. जीरामजी कानून रद्द करके मनरेगा बहाल किया जाए( धरने पर ऋषिकेश राजली, कृष्ण गुरी, संदीप कुमार हिसार, बाबूलाल बरवाला, राहुल खटक, राजेश सलेमगढ़, राजेंद्र मंगाली, महाबीर कुलेरी, मास्टर सतीश माजरा, अमित, धर्मपाल जाखौद, सुशील मिल गेट, गजेसिंह, रमेश, कृष्ण मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया दो नए ट्रैफिक बूथों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिंदल चौक पर नव-निर्मित ट्रैफिक बूथ का विधिवत उद्घाटन किया। इसी तरह सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुद्गिल ने बस स्टेंड के समीप स्थापित नए ट्रैफिक बूथ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा रहा है। नए ट्रैफिक बूथों की स्थापना से यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित होगा, जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण रखने में सहायता मिलेगी तथा आमजन को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन ट्रैफिक बूथों के माध्यम से यातायात पुलिसकर्मी प्रमुख स्थानों पर निरंतर निगरानी रख सकेंगे, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई कर सकेंगे तथा जरूरतमंद नागरिकों और यात्रियों को तत्काल सहायता भी उपलब्ध करा सकेंगे। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अपनी आदत बनाएं। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।



हिसार। ट्रैफिक बूथ का शुभारंभ करते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

### मोक्ष धाम ट्रस्ट में बाबा इंद्र दास की याद में भंडारा लगाया

- हजारों लोगों ने भंडारे में ग्रहण किया भोजन

**हिसार।** 12 क्वार्टर स्थित सर्व समाज मोक्ष धाम में मोक्ष धाम के सेवादार रहे बाबा इन्द्र दास की याद में देसी घी का दूसरा भंडारा लगाया गया। भंडारे की शुरुआत यज्ञ से की गई व भंडारा के साथ सत्संग भी चलता रहा जिसमें पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी व पार्षद राजेंद्र बिड़लान विशेष रुप से उपस्थित हुए। भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर धाम के सदस्य बलजीत टॉक, सत्य काम आर्य, हरि नारायण, कुलदीप कांगड़ा, गुलशन आदिवाल, डॉक्टर रमेश भाटी, चंद्रकांत स्वामी, अनिल कसाना, विजय अठवाल, कमल मंडल, नसीब वैध, जमुना सिंह, चमन लाल बागड़ी, मदनलाल चौहान, संजय कालड़ा, शुभम, प्रशांत आदि भी उपस्थित रहे।

## जीएसटी लागू होने से एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा साकार हुई: कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सफल क्रियान्वयन के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार रेंज के संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार ने की।


अपने संबोधन में संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार ने कहा कि जीएसटी लागू होने से एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा साकार हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समय-समय पर किए जा रहे सुधारों और संशोधनों से जीएसटी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा प्रभावी बनाया जा रहा है, जिससे उद्योगों और करदाताओं को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जीएसटी प्रणाली के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इनमें एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर हिसार पूनम खनगवाल, जींद मनीष गुप्ता, सिरसा सुरेंद्र गोदारा, फतेहाबाद शमशेर सिंह तथा भिवानी अशुकेश गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।



हिसार। कार्यक्रम का शुभारंभ करते संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## एक स्वस्थ मुस्कान के लिए सही आदतें व समय पर जांच बेहद जरूरी : डॉ. सचिन

**हिसार।** डॉ. सचिन मित्तल्स एडवांस डेंटिसरी के दंत चिकित्सक डॉ. सचिन मित्तल ने डॉक्टर्स डे पर कहा कि दंत चिकित्सा को अक्सर सिर्फ दांतों तक सीमित माना जाता है, लेकिन हमारे लिए यह मुस्कानों, आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का कार्य है। हम केवल दर्द को नहीं मिटाते, बल्कि लोगों के भीतर छिपी झिझक और असहजता को भी दूर करते हैं।



सचिन मित्तल।

डॉ. मित्तल ने कहा कि बहुत से लोग सोचते हैं कि दांतों की समस्या बस मुंह तक सीमित रहती है, लेकिन सच यह है कि मुंह हमारे शरीर का दरवाजा है। खराब ओरल हेल्थ का सीधा संबंध दिल की बीमारियों, डायबिटीज और गर्भावस्था में जटिलताओं से जुड़ा होता है। डॉ. सचिन मित्तल ने कहा कि आजकल के खानपान और जीवनशैली में बदलाव के कारण दांतों और मसूड़ों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।



### एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने किया चिकित्सकों का सम्मान

**हांसी।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार को एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर कुमारी शिवानी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थैंक यू लाइफ सेवर्स अभियान के तहत ओम नर्सिंग एंड ट्रॉमा सेंटर, आशीर्वाद अस्पताल तथा मेडिसिटी अस्पताल का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने चिकित्सकों से मुलाकात कर उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा मरीजों की सेवा में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। भ्रमण में आराध्या, आभाष जैन, मयंक पानू, परम दृष्टि, शाइन जैन, सांची, ऋतिक, पूरव, गीतांजलि, प्रियल, रुद्र जैन, परव एवं निभव सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने चिकित्सकों को हस्तनिर्मित डॉक्टर डे कार्ड एवं शुभकामना संदेश भेंट कर उनका सम्मान किया। विद्यालय प्राचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सेवा-भाव, संवेदनशीलता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंध समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग तथा सचिव रजत अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करती हैं।

## सात ड्रोन दीदी करेंगी फसलों पर दवाइयों का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- किसान 20 जुलाई तक पोर्टल पर कराएं पंजीकरण : उप निदेशक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि कृषि विभाग की एग्री शक्ति नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत वर्ष 2026-27 में जिले में ड्रोन के माध्यम से फसलों पर दवाइयों एवं खाद का छिड़काव किया जाएगा। जिले में फिलहाल 7 ड्रोन दीदियां पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे दवाइयों और उर्वरकों का संतुलित उपयोग होगा, समय और लागत की बचत होगी तथा भूमि को हानिकारक रसायनों के दुष्प्रभाव से भी बचाया जा सकेगा। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। डॉ राजबीर सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे agriharyana.gov.in पोर्टल पर 20 जुलाई 2026 तक ड्रोन से छिडक़ाव के लिए पंजीकरण करवाएं। किसान अपने क्षेत्र की ड्रोन दीदी से 150 रुपये प्रति एकड़ की दर से फसलों में छिडक़ाव करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभाग द्वारा ड्रोन दीदियों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें योजना के प्रभावी संचालन एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान, एसडीएओ अजीत सिंह, एसएमएस डॉ गरिमा दहिया, तकनीकी सहायक राजबीर भाटिया, कृषि विकास अधिकारी कपिल सैनी आदि मौजूद रहे।



हिसार। योजना को लेकर बैठक करते उप कृषि निदेशक डॉ. राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

## चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

**हिसार।** डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय गांधी के आह्वान पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपने उत्कृष्ट योगदान देने वाले शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से मानव जीवन की रक्षा करते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को पारदर्शी, सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही पेशे समाज के विकास और प्रगति के मजबूत स्तंभ हैं। क्लब के प्रधान धर्मेंद्र मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन राजेश पाहवा, पवन सरदाना, प्रवीण नारंग, मनीष सरदाना, भूषण झांब, सचिव सुरेश कथुरिया, खजांची ईश कुकड़ेजा, प्रोजेक्ट चेयरमैन नवीन सेतीया, पारुल आहूजा, मोहित भाटिया, राजकुमार छाबड़ा, सुरेन्द्र छिंदा,डॉ. संजीव अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।



## लायन्स क्लब ने डॉक्टर्स एवं सीए डे पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश चौधरी ने अपने कार्यकाल का शुभारंभ समाजसेवा के संकल्प के साथ करते हुए डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर अपना प्रथम सेवा प्रोजेक्ट आयोजित किया। इस दिवस पर क्लब के सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में जाकर अस्पताल के चिकित्सकों को एवं रेड स्केयर मार्केट में स्थित केआईपी फाइनेंशियल कंसलटेंसी लिमिटेड में कार्यरत सीए को प्रशंसा-पत्र भेंट कर उनके उत्कृष्ट एवं निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब के सचिव सुरेन्द्र बजाज, पवन सरदाना, हरीश छाबड़ा, डॉ. मुनीश जुनेजा, राजेश बहार तथा मुकेश बजाज, बीसी गोयल, एचआर नारंग, अनिल खट्टर एवं मनु बजाज उपस्थित रहे।




हिसार। डॉक्टर और सीए को सम्मानित करते लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा के सदस्य।

### मदद संस्था ने डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

**हिसार।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था मदद एनजीओ के अध्यक्ष संजीव भोजराज ने जिले के नागरिक अस्पताल पहुंचकर वहां कार्यरत चिकित्सकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल की सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, पीएमओ डॉ. रीना जैन सहित विभिन्न चिकित्सकों को गुलाब के फूल भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर डॉक्टर्स-डे की शुभकामनाएं दीं। सीएमओ डॉ. सपना गहलावत व अन्य अधिकारियों व चिकित्सकों ने उन्हें दिए गए सम्मान पर खुशी जाहिर की।

## खबर संक्षेप



### महिला पुलिस की उपलब्धि पर एसपी ने लगाए स्टार

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सीता देवी एवं सरोज को एएसआई से एसआई पदोन्नति होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। एसपी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति किसी भी कर्मचारी की मेहनत, लगन, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान होती है। दोनों महिला अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ उनकी जवाबदेही भी बढ़ गई है। उप निरीक्षक सीता देवी एवं उप निरीक्षक सरोज नई जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगी।

### पीरांवाली में 600 लीटर लाहन नष्ट करवाया

**हिसार।** पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वेट टीम-1 एवं डॉग स्कवायड टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांव पीरांवाली के झाड़ियों वाले क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 600 लीटर लाहन बरामद की, जिसे मौके पर ही पूरी तरह नष्ट कर दिया गया।

### चार जुआरियों से 26 हजार से अधिक की नकदी बरामद

**उकलाना।** पुलिस ने अवैध रूप से जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके उनसे 26 हजार से ज्यादा की नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी पीएसआई कुलदीप ने बताया की बुढ़ाखेड़ा गांव में छापा मारकर गांव के हवासिंह व राजेन्द्र, उकलाना के वार्ड 10 निवासी कुलदीप व इसी वार्ड के दुलीचंद को जुआ खेलते पाया गया।

### 15 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब सहित काबू किया है। उकलाना थाना प्रभारी पीएसआई कुलदीप ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक संजीव ने अपनी टीम के साथ गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान गांव उकलाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए उकलाना गांव निवासी संजीव कुमार को काबू किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक कट्टे में रखी 15 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई।

### व्यापारी को टैक्स कलेक्टर की मान्यता दें : अग्रवाल

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग ने जीएसटी अधिनियम के नौवें वार्षिक दिवस पर सरकार को पत्र भेजकर जीएसटी कानून में व्यापारी की परिभाषा स्पष्ट करने की मांग की है। संस्था के अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, संजय सिंगल और रत्न बंसल ने कहा कि व्यापारी वास्तविक टैक्स पेयर नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं से कर वसूलकर सरकार के पास जमा कराने वाला टैक्स कलेक्टर है।

## 6, 7 व 8 अगस्त को राज्यव्यापी हड़ताल का किया ऐलान

# मानी गई मांगें पूरी न होने पर गुस्साए दमकल कर्मचारी

## सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा अग्निशअमन विभाग यूनियन ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने गेट मीटिंग करके 6 से 8 अगस्त तक राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान कर दिय है। इससे पहले ये कर्मचारी एक माह से अधिक समय तक हड़ताल पर रहे थे, तब सरकार ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया था लेकिन अब कर्मचारियों ने वादाखिलाफी का आरोप सरकार पर जड़ दिया है।

इस संबंधा में हरियाणा अग्निशअमन विभाग यूनियन की गेट मीटिंग बुधवार को बरवाला रोड स्थित दमकल केंद्र पर हुई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता हरियाणा अग्निशमन विभाग यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिणंद व जिला प्रधान राजेश कुमार महला ने की। उन्होंने बताया की 13 जून को सरकर के साथ हुई वार्ता में सरकार ने कर्मचारियों की मांगी गई मांगो के मांग पत्रों को अभी तक जरी नहीं किया है। इसी के खिलाफ हरियाणा अग्निशमन के सभी कर्मचारियों ने एक और दो जुलाई को पूरे हरियाणा के दमकल केंद्रों पर गेट मीटिंग की गई और उसमें सरकार के खिलाफ कड़े निर्णय लिए। इसके तहत 7 से 22 जुलाई तक सभी जिलों में अग्निशमन कर्मचारी हरियाणा सरकार के खिलाफ रैलियां निकालेंगे। इस पर भी सरकार ने कर्मचारियों की मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए तो हरियाणा अग्निशअमन विभाग के कर्मचारी 6,7 और 8 अगस्त को हड़ताल पर चले जाएंगे। अगर सरकार ने फिर भी कर्मचारियों की मांग नहीं मानी तो ये हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल जाएगी।



हिसार। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये है फायर कर्मचारियों की मांगें

फरीदाबाद अग्निकांड में शाहिद हुऐ फायर कर्मचारियों के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये सहायता राशि और इनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, सभी पैरोल फायरमैन और फायर ड्राइवर को फायर ऑपरेटर के सुरजित पदों पर नियमित करने, एचकेआरएन कर्मचारियों को पैरोल पर करने व नौकरी की गारंटी देने, 8 अप्रैल से 14 मई तक की गई हड़ताल का वेतन जारी करने, फायर कर्मचारियों को 5000 जोखिम भत्ता और 7500 वर्दी भत्ता देने की मांगे प्रमुख है।

### मांगों पर कार्रवाई न होने पर स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर प्रदर्शन 5 को

**हिसार।** सरकार द्वारा बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी वर्ग की मांगों पर कार्रवाई न करने के विरोधस्वरूप एसोसिएशन ने आगामी पांच जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के रेवाड़ी स्थित आवास पर रोष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। रोष प्रदर्शन में भागीदारी और तैयारियों को लेकर जिला प्रधान विकास सन्दलाना, जिला सचिव रवींद्र पेटवाड़ और कोषाध्यक्ष बजरंग सोनी के नेतृत्व में एमपीएचडब्ल्यू कैडर को उक्त रोष प्रदर्शन में भागीदारी करने को लेकर विभिन्न ब्लॉकों में जाकर कर्मचारियों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत बुधवार को सीएचसी उकलाना के कर्मचारियों की मीटिंग कर 5 जुलाई के रोष प्रदर्शन को लेकर आह्वान किया। जिला प्रधान विकास सन्दलाना और सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रैस प्रवक्ता नूर मोहमद ने बताया कि प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री को काफी समय से अनेक बार पत्राचार किया जा चुका है लेकिन सरकार की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई बातचीत एसोसिएशन के साथ नहीं की जिससे प्रदेशभर के कर्मचारियों में सरकार और विभागों के उच्चाधिकारियों के प्रति भारी रोष व्याप्त है।

### रोडवेज कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

**हिसार।** राज्य परिवहन के हिसार डिपो में कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों को लेकर चल रहा धरना बुधवार को 48वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अरुण शर्मा ने की तथा मंच का संचालन जोगेंद्र पंघाल ने किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों के साथ लगातार हो रही अनदेखी और लंबित भत्तों का भुगतान न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों का भुगतान नहीं किया गया, तो सांझा संघर्ष समिति, हिसार कर्मचारियों के हित में बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। कर्मचारियों के इस संघर्ष को उस समय और मजबूती मिली जब हरियाणा रोडवेज के सेवानिवृत कर्मचारी रोहतास तालू, जगदीश मैकेनिक और रमेश चिड़ौद सहित अनेक पूर्व कर्मचारियों ने धरने पर पहुंचकर आंदोलन को अपना पूरा समर्थन दिया। धरने पर संदीप जैनावास, बजरंग लाखा, कर्मबीर मसूदपुर, राजबीर ढुहन, जितेंद्र शर्मा, अजय ढुहन, अनूप श्योकद, पवन कनोह, नरेंद्र खरड़ एवं अमित जुगलान शामिल रहे।

## भारतीय मजदूर संघ ने प्रदर्शन करके सौंपा मांगों का ज्ञापन



हिसार। ज्ञापन सौंपते भारतीय मजदूर संघ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- मांगे पूरी नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर क्रांतिमान पार्क में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लो ने की तथा संचालन जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने किया। ज्ञापन प्राप्त करने के लिए उपायुक्त की ओर से नोडल अधिकारी एवं कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजबीर सिंह के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लगातार घोषणाएं की जा रही हैं, लेकिन उनका धरातल पर कोई प्रभाव दिखाई नहीं देता। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र ही कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो भारतीय मजदूर संघ प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा।

विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लो ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ पहले ही सरकार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों की 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप चुका है। प्रमुख मांगों में सर्विस एक्ट के तहत कर्मचारियों को ऑफर लेटर जारी करना, जहां सर्विस एक्ट लागू नहीं है वहां इसे लागू करना, बोनस सहित अन्य कर्मचारी हितों से जुड़ी मांगों को शीघ्र पूरा करना शामिल है।

### प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन में किरण बाला, सरोज, जंत्री देवी, अजीत फौजी, कमल सैनी, सुमित शर्मा, रामकेश श्योराण, विकास बेनीवाल, अरविंद डाबर, रफीक, रमेश शर्मा, भजनलाल, अमित राजली, सत्यवान, मंजू, सुमिता, अंकित मेचू, विजय न्याणा, आजाद, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, आदित्य, मनोज कौशिक, नरेश सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी से मिले बृजलाल



**हिसार।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में हरियाणा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी संजय दत्त से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बृजलाल बहबलपुरिया ने विश्वास व्यक्त किया कि संजय दत्त के संगठनात्मक अनुभव एवं कुशल नेतृत्व में हरियाणा कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। प्रदेश प्रभारी के मार्गदर्शन में कांग्रेस की विचारधारा, संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर पार्टी का संघर्ष और अधिक प्रभावी होगा।

## कोहली के लिए 6.93 करोड़ की पेयजल योजना स्वीकृत : भव्य



- पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने जताया मुख्यमंत्री नायब सैनी का का आभार

**आदमपुर।** आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव कोहली के लिए स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6 करोड़ 93 लाख 10 हजार 030 की राशि स्वीकृत की गई है। इससे गांव की पेयजल आपूर्ति में न केवल सुधार होगा ग्रामीणों को साफ व पर्याप्त पेयजल भी उपलब्ध होगा। युवा भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास और आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गांव कोहली के लिए स्वीकृत यह पेयजल परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा। उन्होंने यह राशि मंजूर करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। भव्य बिश्नोई ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है।

- स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार

## बीएमआरआईटी पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया जारी



चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए बेहतरीन और सुरक्षित अवसर : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बीएमआरआईटी) पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिषद (एनसीएएचपी) के नवीनतम निर्देशों के अंतर्गत संचालित यह कोर्स चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए एक बेहतरीन और सुरक्षित अवसर है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति पूरी तरह से डायग्नोस्टिक्स पर निर्भर है, जिसके कारण इस कोर्स के बाद रोजगार की 100 प्रतिशत संभावनाएं हैं। विभाग की प्रभारी डॉ. अंजु गुप्ता ने बताया कि दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। इस कोर्स में दाखिले के लिए अभ्यार्थियों का मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान (पीसीबी) विषयों के साथ सीनियर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस कोर्स में 40 सीटें उपलब्ध हैं। दाखिले एकेडमिक मेरिट के आधार पर होंगे।

## बस चलाने की मांग पर रोडवेज जीएम से मिले जनवादी महिला समिति व गांव के छात्र

### गांव दाहिमा में बस समस्या से लोग परेशान



हिसार। जीएम को दाहिमा की समस्या से अवगत कराते जनवादी महिला समिति की सदस्य व गांव के छात्र। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** जनवादी महिला समिति हिसार, युवा अंबेडकर पदाधिकारी व लड़कियों की गांव दाहिमा की टीम बस समस्या के हल के लिए परिवहन विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात की। गांव दाहिमा में बस सेवा उपलब्ध कराने बारे लम्बी बातचीत के बाद आश्वासन दिया गया कि जल्दी से जल्दी बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कमेटी ने बताया कि दाहिमा गांव में कोई भी बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिस कारण गांव के छात्रों व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दाहिमा गांव भोजराज और लाड़वा के बीच पड़ता हैं और दाहिमा से भोजराज अड्डे के बीच में ठेका होने के कारण पैदल जाती बच्चों के साथ कई बार अनहोनी हो चुकी है। यदि कोई घटना छेड़खानी की रास्ते में घटती है तो इसके लिए रोडवेज प्रशासन ज़िम्मेदार होगा। महिला समिति मांग करती है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाए और रोडवेज बस सेवा शुरू की जाए। इस अवसर पर कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र व छात्राएं मौजूद रहे। इस अवसर पर जनवादी महिला समिति की सचिव बबली लांबा, जिला प्रधान बिधा, सर्वजीत, छात्राओं में अंशुल दिव्या, सपना, प्रिया, भारती, पायल, निशा, सपना, रितु व अंबेडकर युवा मोर्चा से विक्की धानिया, संदीप, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## डिस्ट्रिक अवार्ड समारोह में लायंस क्लब हांसी को मिले कई सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में लायन्स क्लब हांसी की ओर से अवार्ड ग्रहण करते सुरेश बंसल।

हिमाचल प्रदेश के कंडाघाट (शिमला हिल्स) में आयोजित लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में लायन्स क्लब हांसी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई सम्मान प्राप्त किए। समारोह में लायन्स क्लब हांसी को स्टार क्लब, सर्विस प्रोजेक्ट-आई केयर तथा हरियाली संकल्प पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, लायन सुरेश बंसल को मिशन 1-5, लीड टू सर्व, सर्व टू लीड एवं लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए गए। इसके अलावा लायन दीपक मित्तल को स्टार जोन चेयरपर्सन, लायन अशोक भुटानी को बेस्ट ट्रेजरार (मल्टीपल एवं डिस्ट्रिक्ट), लायन संजय बंसल को आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट तथा लायन जुगल ग्रोवर को स्टार सेक्रेटरी की शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

लायन सुरेश बंसल ने बताया कि लायन्स क्लब हांसी द्वारा पंकज भाटिया के सहयोग से 21 जुलाई को लायन सेवा सदन, हांसी में निःशुल्क सफेद मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## बैठक में अग्रसेन भवन निर्माण पर बनी रणनीति

- 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित करने की मांग



हांसी। मीटिंग में भाग लेते अग्रवाल वैश्य समाज के सदस्य।

**हांसी।** अग्रवाल वैश्य समाज की सुभाष ड्रामाटिक क्लब में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष सतपाल खांडेवाला ने की। जिला अध्यक्ष मिथुन बंसल ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा कार्यकारिणी का विस्तार, नए पदाधिकारियों का परिचय तथा हांसी में लंबे समय से प्रस्तावित महाराजा अग्रसेन भवन के निर्माण की मांग को आगे बढ़ाना था। समाज के सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अग्रसेन भवन निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा इसके लिए आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा दानवीर सेठ भामाशाह की जयंती (29 जून) को आधिकारिक रूप से व्यापारी कल्याण दिवस घोषित किया गया है। इसी तर्ज पर केंद्र सरकार से भी पूरे देश में 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित करने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला महासचिव पवन गर्ग खरड़िया, कोषाध्यक्ष विनोद सिंगला, उपाध्यक्ष मोहन लाल बंसल व अरुण आर्य, विधानसभा अध्यक्ष दीपक मित्तल, जिला संयोजक नकुल अग्रवाल, जिला सचिव निशांत जिंदल, संगठन मंत्री सचिन जैन, युवा प्रधान विशाल मित्तल एडवोकेट, संयुक्त सचिव प्रवीण सिंगला, कानूनी सलाहकार नरेश बंसल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### बातचीत से निकलेगा चानौत जल आंदोलन का हल : बराला



**हांसी।** राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने चानौत गांव में पेयजल कनेक्शन की मांग को लेकर जारी आंदोलन पर कहा कि इस विवाद का समाधान बातचीत से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि जल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़े मामलों में टकराव के बजाय संवाद सबसे प्रभावी माध्यम है। बराला ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसी भी संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से समाधान कठिन हो जाता है। सभी पक्षों से संयम बनाए रखने और आपसी सहमति से आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सकारात्मक वार्ता से जल्द ही ऐसा समाधान निकलेगा, जो सभी पक्षों के हित में होगा। उल्लेखनीय है कि चानौत गांव में 6 इंच के पेयजल कनेक्शन की मांग को लेकर पिछले 47 दिन से ग्रामीण आंदोलनरत हैं। आंदोलन को विभिन्न खाप पंचायतों, किसान संगठनों और आसपास के गांवों का लगातार समर्थन मिल रहा है।

### दिव्यांग केंद्र में सेरेब्रल पाल्सी सेंटर का शुभारंभ

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में विधिवत ढंग से सेरेब्रल पाल्सी सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस सेंटर का संचालन स्वर्गीय बजरंगदास बड़ोपलिया एवं उनकी पत्नी स्वर्गीय मनोहरी देवी की स्मृति में उनके परिवार की गोयल कंस्ट्रंशन कंपनी लि. जयपुर के सहयोग से किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर राधेश्याम सिंघल, ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, संजय गोयल, सतीश गोयल, प्रदीप अग्रवाल, रामनिवास अग्रवाल सीए, जगमोहन जिंदल, सुरेंद्र कुच्छल, सुमित मित्तल, मुरारी लाल सिंगला, डोली जैन व पिंकी गोयल आदि मौजूद रहे। भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि सेरेब्रल पाल्सी सेंटर के शुरू होने इस समस्या से प्रभावित बच्चों को काफी लाभ मिलेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## अभी तक जिले में 27 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म हुए डिजिटाइज, 14 जुलाई तक का टारगेट

# एसआईआर ड्यूटी में लगे कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें, अन्यथा होगी कार्रवाई : महेंद्र पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अभी तक जिले में 27 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म डिजिटाइज हो चुके है। बुधवार को डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को गंभीरता से कार्य करने की हिदायत दी उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाले बीएलओ के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

डिजिटाइजेशन कार्य 14 जुलाई तक हर हाल में पूरा किया जाए। उपायुक्त ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन एवं शुद्ध बनाते हुए सभी पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बन सके। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं के विवरण का सत्यापन कर रहें है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। ऐसे में सभी मतदाताओं को चाहिए कि वे बीएलओ के साथ सहयोग करते हुए अपने निर्वाचन संबंधी विवरण का सत्यापन अवश्य कराएं।

### ये अधिकारी मौजूद रहे

इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त सी जयाश्रद्धा, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम हिसार ज्योति मित्तल, एसडीएम बरवाला अश्वीर नैन, नगराधीश रोहित कुमार, डीआरओ श्याम लाल, निर्वाचन तहसीलदार जगदीप, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 5 व 12 जुलाई को बीएलओ मतदान केंद्रों पर बैठकर प्राप्त करेंगे गणना फॉर्म



**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने बुधवार को अपने कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में 15 जून से 14 जुलाई तक चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी विशेष अभियान दिवसों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हांसी विधानसभा क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं से अपील है कि वे अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का गणना फॉर्म समय रहते अवश्य जमा करवाएं।

### सोशल मीडिया पर अकाउंट बंद करना लोकतंत्र पर सीधा हमला : राजेन्द्र सोरखी



**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने हांसी के चानौत गांव में टी लगाकर पानी देने की मांग को लेकर पिछले डेढ़ माह से आंदोलन कर रहे ग्रामीणों की सोशल मीडिया के माध्यम से कवरेज कर प्रदेश की भाजपा सरकार की असलियत दिखा रहे आंदोलनकारियों व सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों के अकाउंट बंद करने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सरकार की इस कार्रवाई को कायरता पूर्ण उठाया गया कदम बताया है। इससे पहले सरकार व हांसी जिला प्रशासन आधी रात के समय लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग कर ग्रामीणों पर मुकदमें तक दर्ज कर घटिया मानसिकता का परिचय दे चुका है। पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पानी जैसी बुनियादी जरूरत तक पूरी नहीं कर पा रहे हैं। जब गांव की जनता अपने हक का पानी मांग रही है तो सरकार समस्या का समाधान करने की बजाय डंडे बरसा रही है।